रायबरेली, जौनपुर और मिर्जापुर को केंद्रीय परिवहन मंत्री ने 52 हजार करोड़ की परियोजनाएं दीं

# यूपी की सड़कें अमेरिका जैसी होंगी: गडकरी

## ऐलान

रायबरेली/जौनपुर/मिर्जापुर, हिटी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दावा किया कि यूपी की सड़कें 2024 के अंत तक अमेरिका की सड़कों से बेहतर नहीं तो उनकी जैसी होंगी। किसान अन्नदाता ही नहीं बल्कि ऊर्जादाता भी है। आज किसान पराली से एथनॉल बना रहा है। उसकी आमदनी बढ़ रही है और जीवनस्तर में सुधार आया है।

उन्होंने शुक्रवार को रायबरेली, जौनपुर और मिर्जापुर में 52 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। इनमें से अकेले रायबरेली में उन्होंने 41 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। गडकरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गांवों के विकास को प्राथमकिता पर रखा। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की। यह काम करने का सौभाग्य उन्हें ही मिला। 2014 में केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी तो उन्हें फिर इस काम के लिए तय किया गया। उत्तर प्रदेश में 2014 तक 6713 किमी का राजमार्ग था, जो अब 13000 किमी हो गया है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय प्रदेश में पांच लाख करोड़ के काम करा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। देश तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है।

**देश में 400 एथनॉल पेट्रोल पंप खुलेंगे:** गडकरी ने कहा कि किसान अन्नदाता ही नहीं बल्कि ऊर्जादाता भी है। किसान पराली से एथनॉल बना रहा है। बायो पीएनजी-सीएनजी बन रही है। हरियाणा के पानीपत में एथनॉल, हवाई ईंधन बन रहा है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ी है तो प्रदूषण पर भी अंकुश लगेगा। एथनॉल से चलने वाली बाइक और कार भी आ रही हैं। बायो सीएनजी पर ट्रैक्टर चल रहा है। उन्होंने कहा कि देश 16 लाख करोड़ का ईंधन आयात करता है। यह सब बढ़ेगा तो आयात घटेगा। देश में इंडियन ऑयल 400 एथनॉल पेट्रोल पंप खोलेगा।



रायबरेली में शुक्रवार को 41 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करते राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी।

**30** किमी. का फोरलेन रायबरेली से लालगंज तक बनाया जाएगा

**22** किलोमीटर का रिंगरोड फेज टू का निर्माण 1274 करोड़ में होगा

### ये सौगातें मिली

- बछरावां में छह किलोमीटर का बाईपास का निर्माण 158 करोड़
- लालगंज में बने बाईपास में दो किलोमीटर का विस्तार कर लखनऊ मार्ग से जोड़ने का
- प्रतापगढ़ के वाराही देवी से लेकर बेलखरनाथ धाम तक फोर लेन सड़क निर्माण
- मोहनलालगंज से लेकर गोसाईंगंज तक फोर लेन सड़क निर्माण
- प्रतापगढ़ जिले के गोड़े बाजार से लेकर अन्तू रोड से होते हुए फोर लेन के बाईपास का निर्माण

### रायबरेली में इनका हुआ शिलान्यास

- सलोन से जायस होते हुए जगदीशपुर के लिए दो लेन सड़क बनाए जाने के कार्य
- लालगंज अझारा से लेकर रानीगंज तक ग्रीन फील्ड सड़क का निर्माण, लागत-1281 करोड़
- सलोन -जायस- जगदीशपुर 54 किमी सड़क,लागत -947 करोड़
- टांडा से रायबरेली मार्ग का सुदृढ़ीकरण 149 किलोमीटर, लागत- 149 करोड़
- रायबरेली से लेकर बांदा तक सुदृढ़ीकरण का कार्य 121 किलोमीटर, लागत- 147 करोड़
- नबाबगंज से लेकर मलाक हरहर तक 6 लेन सड़क निर्माण लम्बाई नौ किलोमीटर, लागत- 87 करोड़ रुपये